दिन– गुरूवार दिनांक– 19 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का औपचारिक उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी केन्द्र है। उन्होंने कहा कि यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है कि नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मानव इतिहास में क्रांतिकारी अध्याय जुड़ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि मशीन लर्निंग से लर्निंग मशीन तक का सफर न केवल तेज़ है बल्कि व्यापक भी है। इसलिए हमें व्यापक दूरदृष्टि रखते हुए गंभीरता से जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें यह विमर्श करना चाहिए कि वर्तमान पीढ़ी के साथ–साथ हमें अगली पीढ़ियों को किस प्रकार की एआई तकनीक सौंपनी है। श्री मोदी ने एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा कि इसे विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनाना चाहिए।

बिहार विधानमंडल बजट सत्र का आज तेरहवां दिन है। विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही सुचारू रूप से चल रही है। विधानसभा में आज प्रश्नकाल अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण ढंग से चला। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि दो महीनों में पचास लाख किसानों की फार्मर आईडी बनाई गयी है। एआईएमआईएम के सदस्यों ने मदरसा शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर सदन में प्रश्न रखा और इस पर बहस की बात की। वहीं, राजस्व और भूमि सुधार विभाग से जुड़े एक प्रश्न का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सुधारों का अभियान जारी रहेगा।

ग्रामीण विकास और परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि राज्य को डीजे मुक्त बनाया जाएगा। विधान परिषद में निर्दलीय पार्षद वंशीधर ब्रजवासी के प्रश्न के उत्तर में श्री कुमार ने कहा कि पंद्रह दिनों के अंदर बिना अनुमति डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस चल रहे डीजे वाहनों को जब्त किया जाएगा। साथ ही विशेष अभियान चलाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले लोगों के खिलाफ नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बिहार पूरी तरह से नक्सलमुक्त हो गया है। राज्य के अंतिम हथियारबंद माओवादी सुरेश कोड़ा के मुंगेर में आत्मसमर्पण के बाद राज्य ने यह उपलब्धि हासिल की है। मुंगेर प्रक्षेत्र के डीआईजी राकेश कुमार ने बताया कि राज्य के नक्सल प्रभावित रहे तेईस जिलों में अब कोई भी हथियारबंद नक्सली दस्ता सक्रिय नहीं है।

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा है कि सभी पंचायतों के खेल परिसर और स्टेडियम में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जायेंगे। आज पटना में खेल विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान श्री अमृत ने अधिकारियों को पारदर्शिता, सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने राज्य में खेल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक मजबूत निगरानी तंत्र बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया है।

रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। आज पहला रोजा रखा जा रहा है। रमज़ान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इस महीने के अंत में ईद–उल–फितर मनाई जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। इधर, प्रदेश के विभिन्न भागों में रमजान को लकर बाजार में चहल–पहल बढ़ गयी है। लोग सेहरी और इफ्तार की सामग्री खरीदने के लिए बड़ी संख्या में बाजारों में पहुंच रहे हैं।

शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय अंतर्गत पांची गांव में छापेमरी कर साइबर पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के दो साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चार मोबाइल और कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।

———————————————————————————

अररिया की उपविकास आयुक्त रोजी कुमारी ने जिले में बाल विवाह के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए समाहरणालय परिसर से रथ को रवाना किया। रथ के माध्यम से आठ मार्च तक जिले के विभिन्न भागों में लोगों को बाल विवाह के नुकसान से परिचित कराया जाएगा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।